२

संख्या १

सत्यमेव जयते

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## सरकारी रिपोर्ट

...ार, तिथि २८ जनवरी, १९५३ ।

ol. II. No. 1

# The Bihar Legislative Assembly Debates

## Official Report.

*...nesday, the 28th January, 1953.*


अधीक्षक, राजकी... ालय, बिहार,


मूल्य—६ आ...]

*Price*—A... 6.]

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि ६ फरवरी, १९५३ को पूर्वाह्न ११ बजे माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

## तारांकित प्रश्नोत्तर।

## Starred Questions and Answers.

---

SALES TAX ON SOME PETTY DEALERS OF DALTONGANJ.

* 21. **Shri JITU RAM :** Will the Minister, in charge of the Finance Department, be pleased to state—

(*a*) whether it is a fact that some of the petty dealers of Daltonganj namely, Mahabir Sah, Jagdish Sah, Ganga Debi, Subram Lal and Aliar Sah have been harassed by Mr. V. Chandra, the Superintendent, Commercial Taxes, Palamau ;

(*b*) whether it is a fact that the harassment made and the steps taken against them by the said Officer is without the least justification, if so, what steps Government propose to take against the said Officer ?

**Shri BIRCHAND PATEL :** (*a*) The reply is in the negative.

(*b*) The question does not arise.

---

इक्नौमी कमिटी की रिपोर्ट की व्यावहारिकता।

*२२। श्री जयनारायण झा 'विनीत'—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) (१) क्या इक्नौमी कमिटी की रिपोर्ट में दिये गये सभी सुझाव व्यावहारिक हैं ;

(२) क्या इन्हें व्यवहार में लाने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा ;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो उन्हें शीघ्र कार्य रूप में परिणत कर डालने में सरकार के सामने क्या-क्या अड़चनें हैं ;

(ग) उनमें से कितने सुझाव कार्य रूप में परिणत हुए हैं और उसका परिणाम क्या-क्या हुआ है ;

(घ) उस रिपोर्ट को कार्यान्वित करने के फलस्वरूप सरकार के खर्च में कितनी कमी हुई है और आमदनी में कितनी वृद्धि हुई है तथा सभी सुझावों को कार्यान्वित करने पर खर्च में कितनी कमी और आमदनी में कितनी वृद्धि होगी ?

श्री वीरचन्द पटेल—(क) (१) बहुतेरे सुझाव व्यावहारिक माने गये हैं पर कुछ ऐसे भी हैं जिनकी व्यावहारिकता का निर्णय अभी तक नहीं हो सका है।

(२) कुछ जिनकी व्यावहारिकता निश्चित नहीं हुई है, कार्यान्वित करने में कठिनाइयां हैं।

थाना कल्याण अफसरों को चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा।

* १३३। श्री शरत दास—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि थाना कल्याण अफसरों को फर्स्ट एड अथवा इसी प्रकार की चिकित्सा संबंधी बातों की शिक्षा दिलाने के हेतु जिला अफसरों को सरकारी आदेश दिया गया था तथा उसके लिये आवश्यक खर्च की मंजूरी भी दी गयी थी ;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो किन-किन जिलों में उपरोक्त आदेश का पालन किया गया है, और कहां-कहां नहीं, जहां २ नहीं किया गया है इसके लिये सरकार क्या कार्रवाई करना चाहती है ;

(ग) क्या यह बात सही है कि आदिवासियों को उनके बीमारी के समय साधारण दवा की सहायता पहुंचाने के हेतु प्रत्येक वर्ष जिला अफसरों को जिला आदिवासी कल्याण अफसर द्वारा कुछ रुपये स्वीकृत किये जाते हैं ;

(घ) यदि खंड (ग) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो किस वष किस जिला में उपयुक्त रुपये खर्च नहीं किये गये और इसके क्या कारण हैं ;

(ङ) यदि खंड (घ) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो जब इस प्रकार सरकारी आदेश का उल्लंघन होता है तब उसके लिये सरकार क्या करना चाहती है ?

श्री भोला पासवान—(क) उत्तर 'हां' में है।

(ख) रांची और हजारीबाग जिलों में उपरोक्त आदेश सम्पादित हुआ। पलामू, मानभूम, सिंहभूम और संताल परगना जिलों में होमियोपैथी के कुशल डाकटर नहीं मिलने के कारण उक्त आदेश का पालन नहीं हो सका।

(ग) आदिवासियों की प्राथमिक चिकित्सा के लिए सरकार के खर्च से कुछ दवा का प्रबन्ध किया जाता है जिसका वितरण थाना वेलफेयर अफसरों के द्वारा होता है।

(घ) सिर्फ १९५१-५२ में मानभूम जिला में इस मद के रुपये खर्च नहीं हो सके, क्योंकि वहां दवा की आवश्यकता की पूर्त्ति वहां के स्वास्थ्य विभाग से हो गई थी।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता है।

SALARY TO THE CHIEF-OFFICERS OF GRAM PANCHAYATS.

*140. Shri HARIBANS NARAYAN SINHA : Will the Minister, in charge of the Local Self-Government Department, be pleased to state—

(*a*) whether the Government have decided to fix any salary of the Chief-Officers of the Panchayats ;

(*b*) if the answer to clause (*a*) be in the affirmative, what they are going to be paid and from which month ;

(c) if the answer to clause (a) be in the negative, what arrangement, if any, has been made for their payment ?

**Shri BHOLA PASWAN :** The matter is still under the consideration of the Government.

**Shri SUDAMA MISHRA :** Do Government propose to give any importance to the post of Chief Officer and supply the information ?

श्री भोला पासवान—इसके सम्बन्ध में जितनी बातें हैं सभी विचाराधीन हैं।

---

श्री दा ोगा राय—कब से ?

---

श्री भोला पासवान—जब से यह बात उठी है तब से। (हंसी)

---